ग्रा८०५

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, , बेवसाईट : www.bsea.bih.nic.in, बेवसाईट : bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 07/02/2020

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-03/2019 खंड II .552. प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 2192 दिनांक 06.12.2019 एवं अधिसूचना संख्या 2307 दिनांक 12.12.2019 द्वारा क्रमशः वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंड अन्तर्गत राघोपुर पश्चिमी पैक्स एवं कैमूर जिला के मोहनियाँ प्रखंड अन्तर्गत उसरी पैक्स के निर्वाचन कार्यक्रम को स्थगित किया गया था। उक्त दोनों पैक्सों के स्थगित चुनाव को प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 1714 दिनांक 31.10.2019 के सूचना प्रकाशन के प्रक्रम से आगे नामांकन के प्रक्रम से निम्नवत् निर्धारित किया जाता है :-

| क्र० | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | नामांकन की तिथि | 17.02.2020, 18.02.2020 एवं 19.02.2020 (क्रमशः सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार) |
| 2. | संवीक्षा की तिथि | 20.02.2020 (गुरूवार) |
| 3. | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 24.02.2020 (सोमवार) |
| 4. | मतदान की तिथि | 02.03.2020 (सोमवार) |
| 5. | मतगणना की तिथि | 02.03.2020 (मतदान के तुरन्त पश्चात्) |

2. पूर्व में नामांकन किये सदस्यों को पुनः नामांकन करने की आवश्यकता नहीं होगी। किन्तु वैसे अभ्यर्थियों को पुनः नामांकन करने की आवश्यकता होगी, जिनके प्रस्तावक अथवा समर्थक का नाम प्राधिकार के आदेश ज्ञापांक 542 एवं 543 दिनांक 06.02.2020 के आलोक में हटाया गया हो। साथ ही उक्त आदेश द्वारा मतदाता सूची से हटाये गये व्यक्तियों द्वारा यदि पूर्व में नामांकन किया गया हो तो उनका नामांकन भी रद्द समझा जाएगा।

3. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में राघोपुर पश्चिमी एवं उसरी पैक्स के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तहार आदि चिपकाकर किया जायेगा। दिनांक 13.02.2020 को इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजेंगे।

4. मतदान का समय 07 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी अभ्यर्थिता वापसी/प्रतीक आवंटन के पश्चात् निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र- ई० 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562, 2215089) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

5. उक्त अधिसूचना की शेष बातें यथावत रहेंगी।

07.2.20

(रंजना कुमारी)

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : ........552 पटना/ दिनांक 07/02/2020

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

07.2.20

संयुक्त सचिव।

कृ०पृ०उ०

Noti. for Raghopur West & Usri PACS Feb, 2020

ज्ञापांक : ...552...          पटना/ दिनांक 07/02/2020

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत एवं पटना/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), वैशाली एवं कैमूर/ पुलिस अधीक्षक, वैशाली एवं कैमूर/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स0स0), वैशाली एवं कैमूर/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, वैशाली एवं कैमूर/ अंचलाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), राघोपुर/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), मोहनियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07.2.20

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : ...552...          पटना/ दिनांक 07/02/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07.2.20

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : ...552...          पटना/ दिनांक 07/02/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07.2.20

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : ...552...          पटना/ दिनांक 07/02/2020

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ संयुक्त सचिव/ प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07.2.20

संयुक्त सचिव।